।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 3198 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, दिसम्बर, 28 /2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली।

विषयः– जनपद चमोली के अन्तर्गत फारकोट से डडुवागाड़ तक मोटर मार्ग का निर्माण हेतु 2.610है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– आपका पत्रांक 2317 / 36सी0 दिनांक 05.12.2023.

महोदय,

आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया है कि फारकोट डडुवागाड़ मोटर मार्ग के संरेखण लम्बाई 4किमी0 में निर्मित करने पर मोटर मार्ग का अन्तिम बिन्दू पूर्व में निर्मित चोपता डडुवागाड़ मोटर मार्ग पर मिल जायेगा। तथा उसके कोडिनेट भी संलग्न किये गये है परन्तु उक्त कोडिनेट को गूगल अर्थ में देखने पर पाया गया कि प्रारम्भ बिन्दु व अन्तिम बिन्दु के कोडिनेट एक जैसा है जिससे यह पता नही हो पा रहा है कि फारकोट डडुवागाड़ मोटर मार्ग जो 04किमी0 हेतु प्रस्तावित है उक्त मोटर मार्ग का अंतिम बिन्दु पूर्व में निर्मित चोपता डडुवागाड़ मोटर मार्ग को जोड़ रहा है। अंतिम बिन्दु के कोडिनेट एवं वन भूमि का औचित्य प्रमाण पत्र संशोधित कर उक्त के अतिरिक्त 1– प्रस्तावित परियोजना से कोई भी जल स्त्रोत प्रभावित नहीं हो रहा है। 2–मक डम्पिंग स्थल में वृक्ष आच्छांदित क्षेत्र एवं जल स्त्रोतो में नही डाला जायेगा के प्रमाण पत्र में वन क्षेत्राधिकारी के हस्ताक्षर कर प्रस्ताव में संलग्न करे।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त चाही गयी सूचना यथाशीघ्र अपने स्तर से तैयारकर प्रस्ताव में संलग्न कर प्रस्ताव का अपने स्तर से पूर्ण अवलोकन करने के पश्चात ही प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करे। जिससे प्रस्ताव में अनावश्यक विलम्ब न हो। प्रकरण स्वीकृति हेतु उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

o/c